वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 329 | शुक्रवार 29 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# बीकानेर हाउस के चांदनी बाग में राजस्थान उत्सव-2024 का आयोजन

## प्रमुख आवासीय आयुक्त ने किया उत्सव का शुभारंभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को नई दिल्ली के बीकानेर हाउस के चांदनी बाग में आयोजित राजस्थान उत्सव समारोह में राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान के लोक कलाकारों ने अपनी कला और नृत्य से ऐसा समां बांधा, कि सभी उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। राजस्थान उत्सव का शुभारंभ प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजु ओमप्रकाश, उप आवासीय आयुक्त रिंकू मीना, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्रेया सिंह भदौरिया और पर्यटक स्वागत केंद्र की उप निदेशक दीपाली शर्मा भी उपस्थित थे। राजस्थान पर्यटक स्वागत केंद्र के सहायक निदेशक छतरपाल यादव ने बताया कि इस सांस्कृतिक संध्या का आरंभ अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जोधपुर के मो. रफीक और उनके साथी कलाकारों ने गणेश वंदना से किया। इसके उपरांत मोरू सपेरा और उनके दल ने प्रदेश के पारंपरिक चरी, भवई, कालबेलिया एवं घूमर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। अलवर के मशहूर कलाकार उमर फारूक ने भपंग वादन की प्रस्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उनका मन मोह लिया। कार्यक्रम के उदघोषक अलवर के खेमेन्द्र सिंह ने उत्कृष्ट रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के दिल्ली स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित राजस्थान मित्र मंडल के सदस्य तथा अन्य आमंत्रित विशिष्ट गण भी उपस्थित थे।




## पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

इससे पूर्व इस अवसर पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को दो समूहों मे विभाजित किया गया। जिसमें 6 से 12 वर्ष के समूह में लगभग 45 बच्चों और 12 से 18 वर्ष के समूह में 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भी निर्धारित जजों के पैनल की अनुशंसा पर तीन प्रतिभागियों को पुरूस्कारों के लिए चयनित किया गया। इन सभी को पुरस्कार के रूप में गिफ्ट हैंपर प्रदान किए गए।

## रूडा द्वारा शिल्प मेले का आयोजन

राजस्थान उत्सव के इस साप्ताहिक कार्यक्रम में जहां एक ओर राजस्थान ग्रामीण गैर कृषि विकास एजेंसी (रूडा) द्वारा आयोजित शिल्प मेले ने अपनी अनूठी शिल्प कृतियों से आगंतुकों को आकर्षित किया, तो दूसरी ओर पॉटर्स व्हील और ब्लॉक प्रिंटिंग वर्कशॉप ने अतिथियों को स्वयं मिट्टी की आकृतियां बनाने का रोचक अनुभव प्रदान करवाया।

## पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का आयोजन

इस अवसर पर पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए लगभग 20 प्रतिभागियों ने विशिष्टजनों एवं आगंतुकों के समक्ष पगड़ी बांधकर दिखाई। इस प्रतियोगिता में निर्धारित जजों के पैनल की अनुशंसा पर तीन लोगों को चुना गया। जिसमें केवल चंद को प्रथम, मुकेश द्वितीय तथा कैलाश नायक को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

# प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम!

## राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट


**जयपुर. कासं**

राजस्थान में तेज गर्मी से शुक्रवार से राहत मिलने की उम्मीद है। एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस राजस्थान में गुरुवार शाम से एक्टिव होगा। इसके असर से उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान के 12 जिलों में दो दिन आंधी-बारिश के साथ बिजली चमक सकती है। इस सिस्टम के असर से दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस सिस्टम का असर बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में रहेगा। सर्वाधिक असर 30 मार्च को रहेगा। 30 मार्च को 10 जिलों में मेघगर्जना के साथ बारिश होने की संभावना है।

### ये रहेगा सिस्टम का असर

29 मार्च को अलवर, झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, नागौर और श्रीगंगानगर में 30 से 40डट स्पीड तक जमीन स्तर पर तेज हवा चल सकती है। इसके साथ बादल छाने, कहीं-कहीं ओले गिरने के साथ बारिश हो सकती है। 30 मार्च को गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, करौली, झुंझुनूं, धौलपुर, दौसा, भरतपुर और अलवर जिले में बारिश होने और बिजली चमकने की संभावना है। राजस्थान में मौसम की स्थिति देखें तो आसमान लगभग साफ रहा। जयपुर में दिन का तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस सीजन में जयपुर का सबसे गर्म दिन रहा।

# जगदंबा नगर में 1008 श्री शान्तिनाथ भगवान जिनालय का शिलान्यास 30 मार्च को




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व विख्यात गुलाबी नगरी जयपुर के मध्य स्थित जगदंबा नगर, धाबास रोड पर सरस पार्लर के सामने वाली गली में 1008 श्री शान्तिनाथ भगवान की असीम अनुकम्पा से और आदिसागर जी (अंकलीकर) परंपरा के चतुर्थ पट्टाचार्य प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड, राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से नवीन जिनालय शिलान्यास (भूमि पूजन) का कार्यक्रम रखा गया है। मंदिर जी की भूमि का शिलान्यास ससंघ के सान्निध्य में वीर नि.स. 2550, चैत्र बुदी पंचमी, शनिवार, दिनांक 30 मार्च 2024 को सम्पन्न होगा। आचार्य श्री 108 सुनील सागर महाराज ससंघ के आशीर्वाद एवं उनके ससंघ के सान्निध्य में, डॉ. पण्डित श्री सनत कुमार जी के निर्देशन में एवं वास्तुविद राजकुमार जी कोठारी के मार्गदर्शन में मंदिर जी निर्माण के लिए भूमि के शिलान्यास का कार्यक्रम दिनांक 30.3.2024 को प्रातः 7.15 बजे सम्पन्न होगा।

# स्काउट गाइड ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**ब्यावर. कासं।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ ब्यावर के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर संचालक मोहन सिंह चौहान ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा कॉलोनी में तृतीय सोपान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन बैंड बाजों के साथ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान, प्रदीप सांखला एवं हुक्मीचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली के माध्यम से सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान, स्वीप प्रभारी सुनील व्यास, बूथ अवेयरनेस ग्रुप प्रभारी सुरेश चन्द फुलवारी ने आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की।

# 48 दीपकों से भव्य भक्तामर दीप महार्चना का आयोजन




**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी में 48 दिवसीय भक्तामर दीप महार्चना का आयोजन के 48 वें दिन समापन अवसर पर शुक्रवार 29 मार्च को दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी प्रांगण में एक साथ 48 मंडलों पर 48-48 दीपकों द्वारा आचार्य मांगतुंग द्वारा रचित संस्कृत में भक्तांबर स्त्रोत के 48 महाकाव्यो पर रिद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ में भव्य भक्तांमर दीप महार्चना का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी से लगातार दिगंबर जैन मंदिर नसिंया जी में युग दृष्टा ब्रह्मांड के देवता संत शिरोमणि दिगंबर जैन आचार्य 108 विद्यासागर जी महाराज को शीघ्र सिद्ध पद प्राप्त हो की कामना के लिए दिगंबर जैन मंदिर नसिंया जी में प्रतिदिन 48 दीपों से रिद्धि सिद्धि मत्रों के साथ भक्तांबर दीप महा अर्चना का आयोजन कर रहे है। कार्यक्रम के संयोजक के के जैन एवं नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि आचार्य मानतुंग द्वारा लिखित भक्तामर स्त्रोत के 48 काव्यो के संस्कृत में उच्चारण के बाद रिद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ जिनेंद्र भगवान के समक्ष एक-एक करके श्रद्धालुओं द्वारा 48 दीपक जलाकर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रति श्रद्धालु अपनी विन्यांजलि दे रहे हैं साथ ही जिनेंद्र भगवान से आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की आत्मा को जल्दी से जल्दी सिद्धालय में सिद्ध पद प्राप्त हो की कामना के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। भक्तामर दीप महार्चना के आयोजन में जैन धर्माबलंबी बढकर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र नृपत्या ने बताया कि भक्तांबर दीप महार्चना के समापन अवसर को अति भव्य बनाने के लिए भक्तामर मंडल के सदस्य विमल जैन गोधा सुमेर जैन सोनी अभिनंदन कुमार पंकज जैन पांड्या देवेंद्र पांड्या प्रवीन जैन गंगवाल सुभाष जैन सोगानी राजेंद्र गंगवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। कार्यक्रम की संयोजक के के जैन बताया कि शुक्रवार को सांय 5:00 बजे से वात्सल्य भोजन का आयोजन किया जा रहा है ।सांय 7:00 बजे जिनेंद्र भगवान की सामुहिक आरती होगी। तत्पश्चात नसियां जी प्रांगण में मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ में बृहद भक्तांमर दीप महार्चना का आयोजन किया जाएगा।











# वैशाली नगर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन

## आचार्य सुनील सागर जी ससंघ के पावन सानिध्य में दूसरे दिन गर्भकल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाओं में गूंजे श्रद्धा व आस्था के जयकारे



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वैशाली नगर के नर्सरी सर्किल स्थित जनक पैराडाइज में आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर के प्रथम तल पर नवनिर्मित जिनालय का श्रीमज्जिनेन्द्र महावीर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को गर्भकल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाएं सम्पन्न हुई। इस दौरान इन क्रियाओं को देख श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र बडजात्या ने बताया कि आज सुबह महोत्सव के तहत गर्भकल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाएं हुई,जिसके तहत जिनेंन्द्र दर्षन,ध्यान,प्रार्थना व शांति जाप्य के बाद शांति हवन हुआ। इसके बाद साजों के बीच पंडित मनोज शास्त्री सागर वालों ने व संगीतकार राजकुमार एंड पार्टी ने पूजा करवाई। इस अवसर पर पर सौधर्म इन्द्र प्रवीण-प्रिया बड़जात्या,महायज्ञनायक राजेश-समता पाटनी सहित अन्य इन्द्र-इन्द्राणियों ने भक्ति भाव से गर्भ कल्याणक की पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने वीरा प्रभु के ये बोल...महावीरा से ध्यान लगाना जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर भाव विभोर होकर नृत्य किया। इसके बाद तीर्थकर माता का जागरण, माता की गोद भराई, माता का कुमारिकों द्वारा स्नान,देव दर्शन,स्वप्न फल सहित अनेक कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर हुई धर्म सभा में आचार्यश्री ने सभा में बैठे सभी लोगों को यह संकल्प दिलाया कि गर्भपात नहीं करेंगे, गर्भ में बेटियों को नहीं मारेंगे, यह महा पाप है। आचार्य श्री ने कहा कि महावीर स्वामी का दृष्टिकोण बहुत बड़ा था उन्होंने जीव मात्र के कल्याण के लिए कदम उठाए। तीर्थंकर बनते ही वह लोग हैं जो जन-जन के जीव मात्र के कल्याण की भावनाऐं भाते हैं। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रशासनिक अधिकारी डॉ. समित शर्मा ने माता के 16 स्वपनो के ऊपर बहुत ही सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया। इस दौरान लोकसभा में जयपुर ग्रामीण से भाजपा के प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह, विधायक कालीचरण सर्राफ, आरसी शर्मा, सुधांशु कासलीवाल, विनोद जैन कोटखावदा, पीसी छाबड़ा एवं भारत भूषण जैन आचार्य श्री का आशीर्वाद लेने पधारे।

### भगवान की माता त्रिशला देवी की हुई गोद भराई

दोपहर में समाजबंधुओं ने माता की गोद भराई की। प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान की माता बनी संतोष पाटनी जो कि महावीर भगवान की माता त्रिशला देवी का रूप धारण किए हुए हैं भगवान के गर्भ में आने के कारण गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित हुआ तो सभी लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर गोद भराई की। संगीतकार रामकुमार की मधुर संगीत के साथ गोद भराई में होड़ सी मच गई। महोत्सव समिति के राजेश पाटनी ने बताया कि इसी दिन शाम को प्रभु आरती,गर्भ कल्याणक के उत्तर रूप,महाराजा सिद्धार्थ का राजदरबार,चर्चा,महारानी की सेवार्थ 56 कुमारिकाओं का आगमन व स्वप्न फलादेश सहित अनेक क्रियाएं सम्पन्न हुई,जिन्हें देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। रात्रि में एक इंद्रसभा लगाई गई जिसमें सौधर्म इंद्र अपनी सचि इंद्राणी के साथ एक विशेष विमान द्वारा दरबार में प्रस्तुत हुए एवं सभी इद्रों द्वारा पूछी गई जिज्ञासाओं का समाधान किया। मुख्य संयोजक विशाल जैन ने बताया कि महोत्सव के तहत शुक्रवार को सुबह से ही भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा,जिसके तहत सभी क्रियाएं सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगी,जिसके तहत सुबह 7.30 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसीदिन सुबह 10 बजे जन्माभिषेक का भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में अनेक झांकियां,बैंड,बग्गी,हाथियों पर विराजमान इन्द्र-इन्द्राणी सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इसके बाद पांडुक शिला पर 1008 कलशो से अभिषेक किया जाएगा। महोत्सव 1अप्रैल तक चलेगा।

## वेद ज्ञान

### आस्था की दृढ़ता

आस्था के फूल हृदय की पवित्रता रूपी क्यारी में उगे मनोहारी पौधे पर ही खिल सकते हैं। वही आस्था लक्ष्य को पाने में समर्थ हो सकती है जिसकी जड़ें मौलिकता की खाद से उर्वरा शक्ति पाती हैं। मन के मैलेपन से पनपी आस्था उसके धारण करने वाले को किसी भी मुकाम पर छोड़ देने के लिए विवश हो सकती है। आस्था भक्ति, प्रेम, अपनत्व व आनंद की आधारशिला है। आस्था का दायरा बहुत बड़ा है। अध्यात्म में जब तक भक्त भगवान पर आस्था नहीं रखता, तब तक वह परमेश्वर की अनुभूति नहीं कर सकता। दुनिया का इतिहास इस बात का साक्षी है कि आस्थावान लोगों ने ही कामयाबी के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आस्था के पवित्र सरोवर में खिले भावकमल ही प्रभुकृपा का उत्तम प्रसाद पाने के एकमात्र अधिकारी हैं। आस्था की दृढ़ता अपने और अपने आराध्य के मध्य मिलन की दूरी व खाई को पाट देती है। आस्था अपने मंतव्य, गंतव्य व आराध्य को पाने की वह जादुई डोरी है, जिसकी शक्ति, भक्ति व सामर्थ्य से प्रभु, प्रेमी व लक्ष्य स्वयं ही उसकी ओर आकर्षित होते चले आते हैं। दृढ़ इरादों से विरचित आस्था के मंसूबे धारक को उसकी मनोकामनाओं की अंतिम मंजिल तक पहुंचाने की गारंटी देते हैं। आस्था अपने साथ विश्वास, नैतिकता, मूल्य व जीवटता को लेकर चलती है, जो भटकते राहगीरों व जीवन-सागर में दिशाहीन होकर समय के थपेड़े खाते मानव व जीव समुदाय को सही राह दिखाती है। आस्था के बगैर कोई भी जीवन में आनंद व खुशी पाने की कल्पना नहीं कर सकता। आस्था मूल्यवान सृष्टि की रचना करती है, जिसका उद्देश्य विशुद्ध रूप से आराधना में पवित्रता के साथ-साथ जीवन को एक उत्तम उद्देश्य के लिए प्रेरित करना होता है। आस्था की प्रबलता, प्रभु की अपने प्रति आसक्ति और करुणा-प्रीति के बढ़ने की द्योतक होती है। उत्साह भी आस्था की ही आत्मजा है जो इससे प्रेरणा पाकर प्रभु मिलन व उनके साक्षात्कार में सहायक होती है। आस्था पवित्र भावों की वह मंदाकिनी है जिसमें स्नान करने की लिए देवगण स्वयं ही उत्कंठित रहते हैं। आस्था ही भक्ति व भक्त का कवच है। आस्था भक्त के पास ईश्वरीय अनुकंपा की अमोघ शक्ति है, जिससे वह किसी भी पावन जीवन-लक्ष्य की प्राप्ति में सफल हो सकता है।

## संपादकीय

# खुद के रेटिंग सिस्टम की जरूरत है

जब कोई सिस्टम ठीक से काम न करे तो आप क्या करते हैं? आप उसे दुरुस्त करने का प्रयास कर सकते हैं या अपना स्वयं का एक सिस्टम बना सकते हैं। लगता है कि भारत ने दूसरा विकल्प चुना है। वह एक अरसे से लोकतंत्र पर पश्चिमी सूचकांकों और सर्वेक्षणों की आलोचना करता आ रहा है। लेकिन खबरों की मानें तो अब वह अपने स्वयं के सूचकांक और सर्वेक्षण प्रकाशित करने जा रहा है। अगले कुछ हफ्तों में




एक घरेलू डेमोक्रेसी-इंडेक्स प्रकाशित किया जा सकता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसकी पद्धति क्या होगी, इसमें किन संकेतकों का उपयोग किया जाएगा या इसके तहत किन देशों को रैंकिंग दी जाएगी। लेकिन यह बहुत देर से उठाया गया कदम है। आप पश्चिमी मानदंडों से दुनिया के बारे में फैसले नहीं ले सकते। यदि आप ऐसा करते हैं तो जाहिर है कि इसमें पश्चिम को ही अच्छा दिखाया जाएगा, बाकियों को नहीं। और यह इसलिए एक गम्भीर समस्या है क्योंकि ये रेटिंग्स मायने रखती हैं। लोग इन रिपोर्टों के आधार पर बड़े निर्णय लेते हैं, निवेशक, कंपनियां और पर्यटक भी उन पर गौर करते हैं। इसलिए ये रैंकिंग देशों के लिए रिपोर्ट कार्ड की तरह बन जाती हैं। अच्छा रिपोर्ट कार्ड आपको फायदा पहुंचाएगा, बुरा निवेशकों को आपसे दूर रखेगा। और पश्चिम की ये रेटिंग्स दोषपूर्ण हैं। आइए, ऐसे ही तीन हालिया सूचकांकों पर नजर डालते हैं। पहला है स्वीडन के वी-डेम इंस्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स। इसमें भारत का स्थान 104 है। अंदाजा लगाइए कि उससे ठीक ऊपर कौन है? नाइजर! यह एक सैन्य-सत्ता द्वारा शासित देश है। उनके राष्ट्रपति जुलाई 2023 से नजरबंद हैं। फिर भी, नाइजर भारत से ऊपर है। कुवैत की रैंकिंग भी हमसे बेहतर है। पिछले महीने कुवैत ने अपनी संसद भंग कर दी थी क्योंकि कुछ सांसदों ने ''अमीर'' का अपमान कर दिया था। मुझे लगता है कि जब आपके पास तेल होता है, तो आपके लोकतंत्र की एक अलग ही परिभाषा होती है। अब हैप्पीनेस इंडेक्स की बात करें। इस सूची में भारत 126वें स्थान पर है। पाकिस्तान 108वें स्थान पर है। यह ऐसा देश है, जहां मुद्रास्फीति वहां की औसत आयु से अधिक है, जहां आतंकवादी हर दिन हमले करते हैं, जहां चुनावों में धांधली होती है और जहां का बजट आईएमएफ तय करता है। शायद यही चीज पाकिस्तानियों को खुश रखती होगी- टूटा हुआ और असुरक्षित होना! भारत से ऊपर म्यांमार भी है- एक ऐसा देश जहां सात दशकों से गृहयुद्ध चल रहा है। यूक्रेन 105वें स्थान पर है, फिलिस्तीन 103वें स्थान पर है और ईरान 100वें स्थान पर है। यूक्रेन पर आक्रमण हो रहा है, फिलिस्तीन के पास राज्य का दर्जा नहीं है और ईरान पर एक सर्वोच्च नेता का शासन है। फिर भी वहां के लोग भारतीयों से ज्यादा खुश हैं? चलते-चलते प्रेस फ्रीडम इंडेक्स पर भी नजर डाल लें। इसे आरएसएफ या रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अपनत्व से अपरिचय

स्वामी विवेकानंद ने व्यक्ति और भ्रातृत्व का अर्थ वसुधैव कुटुम्बकम के संदर्भ में हमें समझाया था: केवल एक ही ईश्वर की पूजा होनी है: मनुष्य की आत्मा और भौतिक शरीर! जानवर का शरीर भी मंदिर है, लेकिन मनुष्य सबसे ऊपर है। सात-आठ दशक पहले जितने भी देश उपनिवेशवाद से मुक्त हुए, वे सब उस समय विकासशील या निम्न विकासशील देश कहलाए। लगभग इन सबके समक्ष दो मुख्य चुनौतियां थीं। पहली, अपने देश के एक विशिष्ट वर्ग को, जो पहले से ही सत्तातंत्र चलाता आ रहा था, उपनिवेशवादी मानसिकता से कैसे मुक्त करें। दूसरी, विकास की कौन-सी अवधारणा अपनाई जाए। पूर्व-उपनिवेशवादी शक्तियां इन देशों में अपनी बनाई विकास पद्धतियों को नए कलेवर में जारी रखना चाहतीं थीं। वे सहायता के लुभावने प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे थे। आर्थिक सहायता के अंतर्गत वे अपने विशेषज्ञ तथा योजनाएं और उपकरण तक देने को प्रस्तुत थे! भारत की स्वतंत्रता के बाद के तीन-चार दशक इसका अत्यंत सटीक उदहारण रहे हैं। सत्ता से बाहर अनेक विद्वत जन, विशेषकर वे जो गांधी को समझाते और उन्हें भुलाने को तैयार नहीं थे, इस स्थिति से चिंतित थे। विचारक धर्मपाल ने तीसरी पंचवर्षीय योजन पर संसद में हुए संवाद का अध्ययन कर अपनी चिंता कुछ इस प्रकार प्रकट की थी: जिन लोगों को लेकर हम सपने बुनते, योजनाएं बनाते हैं, वे तस्वीर में हैं कहां? हम जिस भारत का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं, उसमें श्रमिक या दिहाड़ी मजदूर कितने और कहां शामिल हैं? इस अलगाव के कारण अत्यंत गहरे हैं। उन्हें समझने के लिए भारत की आत्मा के निकट जाना होगा। इस आत्मा को जगाना पड़ेगा। बड़े बांध और स्टील के कारखाने निर्मित करने के पहले हमें भारत के उन लोगों- जिन्हें अज्ञानी और अशिक्षित माना जाता है और टीमिंग मिलियन्स कह कर संबोधित किया जाता है- की आत्मा को जागृत करना होगा। इसी में निहित भारत के लिए विकास की उपयुक्त अवधारणा को बाद के दशकों में शिक्षाविद दौलत सिंह कोठारी भी अपने ढंग से प्रस्तुत करते थे: भारत के विकास के मूल तत्त्व हैं- एसटीपीजी- साइंस, टेक्नोलाजी, प्रोडक्शन, और गांधी! अगर देश ने प्रारंभिक वर्षों में चरित्र निर्माण पर जोर दिया होता, तो संसाधनों की कमी के कारण भले भाखड़ा-नांगल, भिलाई और बोकारो के निर्माण में देर होती, लेकिन जो शिक्षित युवा वहां या अन्य किसी क्षेत्र में कार्यभार संभालते, वे देश के प्रति समर्पित होते। लोगों के प्रति अपनत्व का भाव रखते, ईमानदारी का जीवन जीते, और अपरिग्रह से इतने दूर नहीं हो जाते कि उसे भूल ही जाएं। सड़कें पहली बरसात में बह नहीं जातीं, नए पुल कुछ महीनों में ही ढहते नहीं! उस स्थित की कल्पना कीजिए, जिसमें गांव से शहर आने वाले बीमार व्यक्ति को अस्पताल में समय से डाक्टर मिलते और उसे सारी दवाइयां वहीं पर उपलब्ध करा दी जातीं! कचहरी में, नगरपालिका कार्यालय में हर व्यक्ति यह सोच कर न जाता कि उसे सुविधा शुल्क तो देना ही पड़ेगा। पुलिस विभाग के किसी भी व्यक्ति को देखकर अपनत्व और सुरक्षा का भाव जागृत होता! यह अलभ्य लक्ष्य नहीं है। अगर व्यक्तित्व विकास और कार्य संस्कृति को प्रारंभिक वर्षों से ही अपेक्षित प्राथमिकता दी जाए, तो अब भी एक दशक के अंदर क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है। स्वामी विवेकानंद ने व्यक्ति और भ्रातृत्व का अर्थ वसुधैव कुटुम्बकम के संदर्भ में हमें समझाया था: केवल एक ही ईश्वर की पूजा होनी है: मनुष्य की आत्मा और भौतिक शरीर।

# आगरा में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्मकल्याणक को धूमधाम से मनायेगा जैन समाज





## मुनी प्रतीकसागर के सानिध्य मे आयोजित हुई समाज की बैठक

**आगरा. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर कमलानगर पर जैन मुनि प्रतीकसागर जी के सानिध्य में आयोजित जैन समाज के सभी मन्दिरों, संगठनों के प्रमुख पदाधिकारीयों की बैठक में तय किया गया कि आगामी 3/04/24 को पडने जा रहे तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्मकल्याणक को श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर समिति, नौर्थ ईदगाह आगरा के तत्वावधान में सम्पूर्ण आगरा जैन समाज के सहयोग से त्रिदिवसिय कार्यक्रम दि 1अप्रैल से 3 अप्रैल तक धूमधाम से नौर्थ ईदगाह जैन मन्दिर के पास बन रहे पान्डाल में विभिन्न आयोजनो के साथ मनाया जायेगा। मुनीश्री प्रतीकसागर ने कहा कि अपने इतिहास को मात्र महावीर तक न सीमित करें, अपितु करोडों वर्ष पूर्व हुए प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव तक लेकर जायें, लेकिन इस हेतु समाज के बच्चे बच्चे को प्रभावना हेतु अपने मन्दिरों से बाहर आना होगा! उन्होंने कहा का पूजा और अनुष्ठान मन्दिरों मे अच्छे लगते हैं परन्तु प्रभावना के लिए तो बाहर निकलना ही पडेगा। मुख्य संयोजक मनोज कुमार जैन ने बताया कि 1 ता.से पांडाल में प्रातः 8.30 से ऋषभदेव कथा का संगीतमय आयोजन होगा, इसी दिवस पूरे नगर से ऋषभदेव शंखनाद टू व्हीलर रैली निकाली जायेगी, जयपुर हाऊस से प्रातः ही मंगल कलश यात्रा मुनीश्री को लेकर कथा स्थल पर पहुंचेगी। ऋषभदेव जन्मकल्याणक के दिन विशाल रथोत्सव का आयोजन होगा। जिस मे आगरा की सभी मन्दिरों की झांकीयां व महिला मार्च शामिल होंगे। इसी दिवस भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) का मस्तकाभिषेक महोत्सव भी होगा। आज की इस बैठक में आगरा दिगम्बर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, महामन्त्री सुनील जैन ठेकेदार व कोषाध्यक्ष राकेश जैन पर्दा, ग्रेटर सैक्टर से विजय जैन निमोरब, अनिल जैन आदर्श, सुशील जैन, सतीश जैन, राजेश जैन, ताजगंज के मन्त्री संजय जैन व साथी, जयपुर हाऊस से सुबोध पाटनी, बोबी, ओल्ड ईदगाह से अमित जैन बौबी भाई, पत्तलगली से निखिल जैन ब साथी, ट्रान्स यमुना से कुमारमंगलम जैन, गंगे गोरी बाग से राजेन्द्र जैन, अरुण जैन, मोतीकटरा से पवन जैन, कर्मयोगी से अंकुश जैन, समकित जैन, नौर्थ ईदगाह से राजेश जैन गया, अशोक जैन एल आइ सी, अखिल जैन, कमलानगर डी ब्लाक से यशपाल जैन, अनिल जैन, नरेश लुहाडिया, अरविन्द जैन, विकास जैन, विजय जैन राज दरबार, आर के जैन समेत शहर भर के जैन समाज के प्रमुख प्रतिनिधी थे। मद्धायन मे महिला मन्डलो की बैठक भी आयोजित हुई जिसमे नित्य होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमो पर व महिला मार्च पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम को और सुन्दर रूप देने हेतु, 29 ता को मद्धायन 3 .00 बजे एक और महिलामन्डलों की बैठक के सैक्टर 7 में आयोजन व 30 ता को सांय 6.30 बजे जयपुर हाउस मे पुरुषों की बैठक होना तय हुआ।

## मुनि 108 अनुपमसागर जी ससंघ का टोंक में गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश

### मुनि 108 अनुसरण सागर जी महाराज ससंघ से हुआ मंगल मिलन



**टोंक. शाबाश इंडिया।** संतशिरोमणि आचार्य भगवन 108 विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि 108 अनुपमसागर जी महाराज, मुनि 108 समत्व सागर जी महाराज, पूज्य मुनि 108 यतिद्र सागर जी महाराज के ससंघ का आज श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन नसिया में विराजमान मुनि 108 अनुसरण सागर जी महाराज के ससंघ मंगल मिलन हुआ। इससे पूर्व ससंघ प्रातः काल 6:00 बजे रीको इंडस्ट्रीज एरिया में से विहार करते हुए पुरानी टोंक पांच मंदिर के दर्शन करते हुए घंटाघर से बैंडबाजे के साथ भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ मुख्य बाजार होते हुए जैन नसिया में मंगल प्रवेश हुआ। जैन नसिया में मुनि अनुसरण सागर जी महाराज मुनि समत्व सागर जी महाराज मुनि अनुपम सागर जी महाराज ने अपनी मंगलमय वाणी से उद्बोधन करते हुए कहा की जीवन में देव शास्त्र गुरु के प्रति सच्चा श्रद्धान हमारा होना चाहिए इस पंचमकाल में जिनेंद्र देव के दर्शन से और साधुओं के वचनों को सुनकर जीवन त्याग की ओर जा सकता है।

## राजस्थान लोक सभा चुनाव 2024

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** रंगों का त्योहार होली खत्म होने के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारियाँ तेज हो रही हैं। ऐसे में मेवाड़ में बीजेपी और कांग्रेस अपनी-अपनी ताकत का प्रदर्शन करने जा रही हैं। वही बीजेपी भजनलाल शर्मा सरकार के 100 दिन पूरे होने का जश्न भी मनाने जा रही है। राजस्थान में लोक सभा चुनाव की कुल सीटें 25 है और पिछले 2 बार से लगातार बीजेपी ही जीत का परचम लहरा रही है। ऐसे में अगर बात की जाए उदयपुर लोकसभा की तो मेवाड़ इस बार चर्चा में इसलिए भी है, क्योंकि यहां पहली बार अफसर बनाम अफसर की टक्कर होने वाली है। बीजेपी से पूर्व आरटीओ मन्नालाल रावत 28 मार्च को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं कांग्रेस पार्टी की तरफ से उदयपुर जिले के कलेक्टर रह चुके ताराचंद मीणा 30 मार्च को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। भारत में लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं और जिसके पास 273 सीटें होंगी, वही बनेगा देश का सिकंदर। पिछले 2 बार से लगातार बीजेपी ही यह चुनाव जीतती आ रही है। पूरे 10 साल मोदी सरकार का राज देखने के बाद क्या अब फिर से बीजेपी सरकार ही आएगी या फिर इस साल देश में बडा.बदलाव देखने को मिलेगा? अब इस सवाल का जवाब तो नतीजे आने के बाद ही मिलेगा, लेकिन इस बार का बीजेपी का दावा बहुत अनोखा है कि इस बार बीजेपी 400 सीटें अपने नाम करेगी। इसका मतलब बीजेपी पूरे भारत में एक भी पार्टी को अपना विपक्ष नहीं मान रही है। खैर अब अगली सरकार किसकी बनती है और कौन कितनी सीटें ले जाता है ये तो वक्त और चुनाव के नतीजों के साथ पता चल ही जाएगा।



**हिया शर्मा, बीआईएफटी, उदयपुर।**

# संस्कार बताते हैं हमारा व्यवहार : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) में साधरनारत प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी निरंतर धर्म की प्रभावना कर रही। माताजी के सान्निध्य में आज की शांतिधारा करने का सौभाग्य अक्षांत जैन निवाई को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आहारचर्या के दौरान व्रती आश्रम के व्रतियों ने निर्विघ्न सम्पन्न कराकर सातिशय पुण्य का अर्जन किया। सामूहिक संघ के द्वारा तत्वचर्चा के समय पूज्य माताजी ने त्याग व दान के विषय को स्पष्ट किया। तत्पश्चात भक्तों को ज्ञान की गंगा में डुबकी लगवाने वाली धमार्नुरागी पूज्य माताजी ने सदुपदेश देते हुए कहा कि - संस्कार हमारी संस्कृति है। अच्छे संस्कारों से ही हमारी पहचान होती है। आपके संस्कार बताते हैं कि आपकी परवरिश कैसी हुई है ।इंसान का व्यवहार उसके संस्कारों से निर्धारित होता है। संस्कार किसी किताब में नहीं मिलते , ये सीखे जाते हैं अपने से बड़ों से , अपने आस - पास के वातावरण से। संस्कारों से सारे संसार को जीता जा सकता है ।सोच अपनी भले ही नयी रखो लेकिन संस्कार पुराने ही अच्छे हैं।

# जैन पत्रकार विचार गोष्ठी जैन पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में 4 अप्रैल को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर 2550 में निर्वाण महामहोत्सव के अवसर पर ''जैन पत्रकार विचार गोष्ठी'' जैन पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में सुधांशु कासलीवाल अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के सानिध्य में पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया की अध्यक्षता में दिनांक 4 अप्रैल प्रातः 11:00 बजे भट्टारक जी की नसियां नारायण सिंह सर्किल जयपुर में जैन पत्रकार विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया है।

# संगिनी मैन का होली मिलन व गणगौर उत्सव



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** संगिनी मैन उदयपुर द्वारा विज्ञान समिति प्रांगण में होली मिलन व गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम राजपूती कपल थीम पर आयोजित किया गया जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। होली पर नृत्य,गाने व हाड़ी रानी के बलिदान पर दिल को झकझोर देने वाली लघु नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने अपने उद्बोधन में सभी संगिनी बहनों का स्वागत किया व बताया कि ग्रुप को जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन से अभी तक सात अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं जिसमें एक बहुप्रतिष्ठित डायमंड अवार्ड भी शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। सचिव स्नेह लता पोरवाल द्वारा आभार ज्ञापित किया गया एवं कार्यक्रम का सुंदर संचालन कार्यक्रम संयोजिका डॉ शिखा लोढ़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप सदस्य संजीता रानी कोठारी के पिता के देहावसान पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई।

# फैडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 07 अप्रैल को अहमदाबाद में

**शाबाश इंडिया।** फैडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक 07अप्रैल 2024 रविवार को अहमदाबाद मे वसंत दोशी की अध्यक्षता एवम डा. श्रेणिक शाह इंदापुर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की जाएगी। फैडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री अजीत कोठिया ने बताया कि बैठक में महेंद्र जे शाह मुंबई के नेतृत्व में गठित 7 सदस्यीय चयन समिति द्वारा नई कार्यकारिणी वर्ष 202426के 15सदस्यों के चयन की घोषणा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनोनयन किया जाएगा। आयोजन मे फेडरेशन के द्वि वार्षिक अधिवेशन के आयोजन स्थल एवं आयोजन तिथि का भी निर्णय लिया जाएगा। महामंत्री अजीत कोठिया द्वारा फेडरेशन के दो वर्षीय उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक मे राजस्थान प्रॉविंस चेयरमैन प्रवीण जैन, मध्य प्रदेश प्रॉविंस चेयरमैन कौशल्या पतंग्या, गुजरात प्रोविंस चैयरमैन कालिदास गांधी, महाराष्ट्र प्रॉविंस चेयरमैन सुशील शाहा अपने-अपने प्रॉविंस की रिपोर्ट पढ़ेंगे।




# 41वें गुणीजन संगीत समारोह में हुआ

# सुर, लय और ताल का संगम







## श्याम सुन्दर शर्मा ने ध्रुवपद गायन और डॉ. श्वेता गर्ग ने दी कथक की प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संगीत गुरु पं. गोकुल चंद राव की स्मृति में बुधवार को संगीतज्ञ पं. गोकुल चंद राव की स्मृति में 41वां गुणीजन संगीत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सबरंग संस्था की ओर से आयोजित हुए इस समारोह में डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा के ध्रुवपद गायन और डॉ. श्वेता गर्ग की कथक नृत्य की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक लेखन में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पत्रकार विजय सिंह को पं. गोकुल चंद राव कला लेखन, डॉ.श्वेता गर्ग को कथक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पं. गोकुल चंद राव कला अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में संगीत, नृत्य और चित्रकला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के कई हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण, शिक्षाविद् देवनारायण जैमन, जाने-माने वैदिक चित्रकार रामू रामदेव, समाज सेवी कुन्दन लाल पठानी, सबरंग के सचिव पं. राजेन्द्र राव, अध्यक्ष अनिल तिवारी और वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा ने सभी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और शॉल आदि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत पं. रमेश मेवाल के गाए गणपति श्लोक से हुई। इसके बाद बाल कलाकार आद्या जैन, अदिति और नविका सिंह ने एक मिनट में कथक के 'तत्-तत्-थेई' के पचास चक्कर लगाकर वहां मौजूद लोंगों को हैरत में डाल दिया। समारोह में डॉ. श्वेता गर्ग ने रक्षिता शेखावत और प्रियाशा जैन के साथ मिलकर होली की ठुमरी को जिस नजाकत भरे अंदाज में प्रस्तुत किया उससे परिवेश होली के रंग मे रंग गया। श्वेता ने इसके अलावा कथक में चाला, ठाठ, परण जोड़ी, आमद, तिहाईयों और 53 चक्कर का मयूरी तोड़ा प्रस्तुत कर अपनी नृत्य साधना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके साथ तबले पर पं. कौशल कान्त पंवार, सारंगी पर उस्ताद अमीरूद्दीन और हारमोनियम व गायन पर पं. रमेश मेवाल ने संगत की।


भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से

मुख्य प्रायोजक R K GROUP Kishangarh, Rajasthan www.rkmarble.com | www.wondercement.com WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से

रक्तदान शिविर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये ।।

मानव सेवार्थ 2550 यूनिट रक्त एकत्र करने के लक्ष्य के साथ विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं ।

| क्र.सं. | रक्तदान शिविर | | रक्तदान शिविर स्थल | शिविर आयोजक | रक्तदान शिविर आयोजक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक | समय | | | अध्यक्ष | मंत्री/सचिव | सम्मानीय अतिथि | संयोजक |
| 1. | 31 मार्च | प्रातः 10 से 2 बजे तक | शुभम केयर हॉस्पिटल, 201, गिरिराज नगर, इस्कॉन रोड, मुहाना मंडी रोड, जयपुर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबी नगर, जयपुर शुभम केयर हॉस्पिटल, जयपुर | श्रीमती सुशीला बडजात्या | श्री महावीर पांड्या | -- | श्री देवेन्द्र जैन<br>श्री कैलाश पाटनी |
| 2. | 31 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | श्री दिगम्बर जैन मंदिर संघी जी, सीटीएस बस स्टेंड, सांगानेर, जयपुर | श्री दिगम्बर जैन मंदिर संघी जी सांगानेर,जयपुर जैन सोश्यल ग्रुप महानगर, जयपुर | श्री महावीर बज<br>श्री संजय जैन आवा | श्री नरेन्द्र पांड्या<br>श्री सुनील गंगवाल | -- | -- |
| 3. | 31 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञान विहार, निर्माण नगर, जनपथ, जयपुर | जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी | श्री प्रकाश-लीला अजमेरा | श्री पवन-रीटा पाटनी | श्रीमती सुमित्रा देवी जैन<br>श्रीमान धर्मचंद-रूचि पाटनी | श्री दिलीप-नमिता टकसाली<br>श्री मनोज-मनीषा सोगानी<br>श्री सुनील-उर्मिला टोंग्या<br>श्री प्रकाश-बीना डुंडिया |
| 4. | 31 मार्च | प्रातः 9 से 2 बजे तक | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर लांगडियावास | बाकलीवाल परिवार लांगडियावास वाले | -- | -- | -- | श्री प्रदीप कुमार जैन<br>श्री मनीष जैन |

आयोजन समिति

दर्शन बाकलीवाल मुख्य समन्वयक | राकेश गोदिका मुख्य समन्वयक
सुरेन्द्र पाण्ड्या परामर्शक | राजेश गंगवाल परामर्शक | विनोद तिजारिया परामर्शक | दिनेश गंगवाल परामर्शक
संजय छाबड़ा समन्वयक | राकेश संघी समन्वयक | अनिल संघी समन्वयक | चक्रेश जैन समन्वयक | अनिल रावंका समन्वयक
सुनील गोदिका समन्वयक | राजेश छाबड़ा समन्वयक | राजीव जैन समन्वयक | कमल ढोलिया सह-समन्वयक | प्रदीप जैन बाकलीवाल सह-समन्वयक
अनिल जैन चौधरी सह-समन्वयक | नितेश पाण्ड्या संयोजक | सपन छाबड़ा संयोजक | सुधीर गोधा संयोजक | श्रीमती नीरा लुहाडिया संयोजक

सम्पर्क सूत्र :: 9414078380 9414073035 9785074581 9829594488, 9414041225

आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

मनीष-शोभना लोंग्या अध्यक्ष | राकेश-समता गोदिका संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या संरक्षक | दर्शन-विनिता जैन संरक्षक | विनोद-शशि तिजारिया संरक्षक | राजेश-जैना गंगवाल संरक्षक | दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक | राजेश-रानी पाटनी सचिव
संजय-ज्योति छाबड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष | राकेश-रेणु संघी वरिष्ठ उपाध्यक्ष | चक्रेश-पिंकी जैन उपाध्यक्ष | विनोद-हेमा सोगानी उपाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी उपाध्यक्ष | सुनील-सुनीता गोदिका उपाध्यक्ष | राजेश-रितु छाबड़ा संगठन सचिव
अनिल-अनिता जैन संगठन सचिव | प्रदीप-प्राची बाकलीवाल संयुक्त सचिव | चेतन-डॉ.अनामिका पापडीवाल संयुक्त सचिव | कमल-मंजु ढोलिया सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र-कुसुम जैन खेल सचिव | दिलीप-प्रमिला जैन कोषाध्यक्ष

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी ✻ डॉ अनुपम-विनीता जैन ✻ नितेश-मीनू पाण्ड्या ✻ सपन-रजनी छाबड़ा ✻ पंकज-नीना जैन
विशेष आमंत्रित : अनिल-प्रेमा रांवका, अशोक-अर्चना पाटनी ✻ अशोक सेठी

निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

राजेश बड़जात्या अध्यक्ष | निर्मल संघी महासचिव
अनिल जैन IPS संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या परामर्शक | नवीन सेन जैन परामर्शक | यश कमल अजमेरा निर्वतमान अध्यक्ष
अतुल बिलाला पूर्व अध्यक्ष | सुनिल बज कार्याध्यक्ष | सुरेश जैन (बांदीकुई) कार्याध्यक्ष | पारस कुमार जैन कोषाध्यक्ष

समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में
भक्तामर स्तोत्र दीप अनुष्ठान एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2024
(रक्तदान शिविर आयोजन करने में सहयोग करने वाली समस्त संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा)

शनिवार, 20 अप्रेल 2024
सायं 7.00 बजे से
छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां
नारायण सिंह सर्किल, जयपुर

# विश्व रंगमंच दिवस पर नाटकवाला कला मंच पर विकास सैनी के निर्देशन में खेला गया नाटक पूस की रात



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नाटकवाला कला मंच के खुला रंगमंच में, विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष में मीत रंग थिएटर ग्रुप की तरफ से नाटकवाला कला मंच के संयोजन में नाटक पूस की रात का मंच किया गया । पूस की रात नाटक में मुंशी प्रेम चंद की लिखी कहानी का नाट्य रूपांतरण ओम प्रकाश सैनी ने किया जिसका निर्देशन जयपुर के रंगमंच कलाकार विकास सैनी ने किया हैं। नाटक पूस की रात की कहानी ग्रामीण एवं किसान के जीवन पर आधारित है, इस कहानी का नायक हल्कू एक गरीब किसान है जो खेती करके अपना जीवन बसर करता है, किन्तु खेती से जो भी आय होती है वो कर्जा चुकाने में ही चली जाती है, लेकिन कर्जा कभी चुकता ही नहीं। कभी फसल अच्छी होती है तो प्रकृति के प्रकोप से फसल खराब हो जाती है, तो कभी जानवरो व नील गायों द्वारा फसल चट कर ली जाती हैं। हल्कू घर चलाने के लिये दिन में मजूरी और रात में खेत की रखवाली करता हैं, मजूरी से आये पैसों को जोड़कर पूस की रात में जाड़े से बचने के लिये कंबल लाने के लिये अपनी पत्नी मुन्नी के पास जमा किये थे। उन्हें भी कर्जदार सहना महाजन आकर ले जाता हैं। निराश हल्कू अपने दोस्त जबरा कुत्ते के साथ कड़ाके की ठंड में फटा कंबल लेकर खेत की रखवाली को जाते है। ठंड अधिक होने से हल्कू आग जला कर सो जाता है फसल नील गाय खराब कर देती है, नील गायों से लड़कर जबरा मर जाता है, मुन्नी ये देख हल्कू को जगाती है। हल्कू फसल नष्ट होने पर खुश होता है की अब मजूरी कर पेट पालेंगे अब रात में खेत की रखवाली के लिये ठंड में नहीं मरना पड़ेगा किन्तु जबरा के मर जाने से वो बहुत दुःखी होता है की उसका सच्चा साथी दुनियां में नहीं रहा। नाटक में गरीब किसान की मनोदशा और इंसान और जानवर के प्रेम को कलाकार ओम प्रकाश सैनी और रेणु ने ग्रामीण परिवेश के मंच नाटकवाला कला मंच पर सहजता से उतारा जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। नाटक में मुख्य भूमिका में ओम प्रकाश सैनी, रेणु सनाढ्य, विकास सैनी, अंजली सैनी, तनीषा सैनी, अमन, आदित्य, अनिरुद्ध, अवनी, युग, भावेश, मेघराज, दीपशिखा, खुशांक रहे एवं मंच परे देवांशु श्रीवास्तव, अरुण कुमार, मंच व्यवस्था चंदी देवी और मंच संचालन व संगीत संयोजन प्रवीण कुमावत का रहा। रंगमंच दिवस पर मुख्य अथिति नाटकवाला कला मंच के दुर्गा लाल सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, विशेष आभार गोपाल प्रसाद एवं रामचंद्र सैनी ।

# एक शाम बच्चों के साथ

## आश्रय होम केयर के बच्चों को रेस्टोरेंट में भोजन कराया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यों की शृंखला मे जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा स्वर्गीय श्री ताराचंद जी बिलाला की पुण्य स्मृति में दिनांक 27 मार्च (बुधवार) को आश्रय होम केयर के बच्चों को रेस्टोरेंट में शाम 6 बजे ले जाकर भोजन करवाया । कार्यक्रम के पुण्यार्जक ग्रुप सदस्य मनीष - हिमानी बिलाला थे। चीफ कोडिनेटर सुनील सोगानी ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप सदस्य मनीष - हिमानी बिलाला, सुनील - मुनिया सोगानी, अभय - अंजना गंगवाल, विशुतोष चाँदवाड़, प्रमोद पाटनी, रानू सोगानी आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# वर्तमान में भगवान महावीर के सिद्धांतो की प्रासंगिकता विषय पर अंतरराष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित



**शाबाश इंडिया।** आचार्य सुनील सागरजी महाराज की प्रेरणा एवम आशीर्वाद से आयोजित ऑनलाइन अंतर राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में पुरे विश्व एवं देश के सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों, युवाओं, बुजुर्गो एवं बहन बेटियो से 500से 1000शब्दो में निबंध प्रविष्ठियां आमंत्रित की गई है। प्रतियोगिता के राजस्थान प्रांत संयोजक अजीत कोठिया ने बताया की निबंध प्रतियोगिता हेतु विषय ''वर्तमान में भगवान महावीर के सिद्धांतो की प्रासंगिकता'' रखा गया है। निबंध लेखन हेतु आमजन को रजिस्ट्रेशन करा रोल नम्बर प्राप्त कर निबंध पीडीएफ फाइल में ऑनलाइन भेजना होगा। ऑनलाइन पंजीयन के लिए लिंक संयोजक अजीत कोठिया से मोबाईल फोन 9414737791पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। विजेताओं के लिए अलग अलग श्रेणी में कुल 351000/रुपया तीन लाख इक्यावन हजार के पुरस्कार रखे गए हैं। निबंध प्रविष्ठियां भेजने की अंतिम तिथि महावीर जन्म कल्याणक पर्व 21अप्रैल 2024 तय की गई है। ये आयोजन भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण वर्ष के तहत रखा गया है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# नचिकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के ममेरां बाईपास स्थित नचिकेतन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2023-24 का भव्य आयोजन विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस भव्य समारोह में मुख्यातिथि के रूप में कृष्ण कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सिरसा, विशिष्ट अतिथि सुभाष फुटेला, खण्ड शिक्षा अधिकारी, ऐलनाबाद, बलदेव सिंह, एनिमेंट एजुकेशनिस्ट जुगल किशोर मैहता, चैयरमेन, समसारा पब्लिक स्कूल, शेखूखेड़ा ने शिरकत की। इस मौके पर विद्यालय चैयरमेन राजेन्द्र सिंह सिद्धु व विद्यालय सचिव छबील दास सुथार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु ने इस आयोजन में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा इस सत्र में विद्यालय की उपलब्धियों से सब को अवगत करवाया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होनें सत्र 2023-24 में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में शानदार उपलब्धियां हासिल की थी। विद्यालय द्वारा शैक्षणिक, मैरिट-2022-23, एन0पी0एस0 ऑलंपियड, रोड सेफटी प्रतियोगिता, वॉलंटियरशिप, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, शत प्रतिशत उपस्थित, खेलकूद तथा अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय सहकर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

# महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु के पदाधिकारी सपरिवार 3 दिवसीय धार्मिक यात्रा संपन्न



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु अजमेर के अध्यक्ष कमल गंगवाल व कोषाध्यक्ष विजय पांड्या ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु के पदाधिकारी सपरिवार तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर है। इस दौरान अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा, श्री महावीरजी, तिजारा, ग्वालियर, सिद्ध क्षेत्र, सोनागिर आदि क्षेत्रों मे भ्रमण किया। गौरतलब है कि सोनागिर के वार्षिक मेला में तीन दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में भी शरकत की ओर इस अवसर पर कई लोगो से मिलकर महावीर इंटरनेशनल के उद्देश्य के बारे मे बताया व संस्था की गतिविधियों के बारे मे बताया। संस्थान का हमेशा उद्देश्य सामाजिक सरोकार के तहत आमजन की सेवा करना और सेवा के प्रति आमजन को जागृत करना ही उद्देश्य है। इस दोरान गंगवाल और पांड्या सहित रुबी जैन, मोना जैन, जैन, देवर्ष गंगवाल आदि शामिल है।

# झांसी पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन का किया सम्मान



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया।** श्री 1008 दर्शनोदय अतिशय क्षेत्र थूबोंन जी मे धार्मिक यात्रा पर आये झांसी पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन की पहली पदस्थापना होने पर तीर्थ क्षेत्र वन्दना करते हुये थूबोंन जी के बड़े बाबा के दर्शन परिवार सहित किये। दर्शन करने के पाश्चत दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा झांसी पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन का स्वागत सम्मान बड़े बाबा का छाया चित्र भेट कर किया गया। सम्मान बेला के पश्चात अंतरिक्ष जैन ने कहा कि थूबोंन जी मे बहुत ही चमत्कारी श्री जी के दर्शन करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। क्षेत्र का वातावरण बहुत ही सुंदर है। सम्मान करने वालों मे ऋषि जैन मैनेजर, मुकेश जैन, रवि जैन, मोनू जैन, सगुन पुजारी प्रमुख रहे हैं।

# दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग द्वारा पक्षी पानी परिंडा जीवदया कार्यक्रम सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिग. जैन मन्दिर प्रतापनगर सेक्टर-3 के सामने पार्क में दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग एवं सेक्टर-3 इकाई के संयुक्त तत्वावधान में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के पानी के लिए परिंडा लगाने का कार्यक्रम रखा गया जिसके मुख्य अतिथि पदमचन्द पाटनी दुबई, अध्यक्ष कैलाशचन्द्र मलैया, विशिष्ट अतिथि भागचन्द पाटनी थे। सेक्टर -3 इकाई अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्रकुमार झांझरी ने सबका स्वागत किया। कार्यक्रम में परिंडा लगाने एवं वितरण का कार्य मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। श्रीमती हीरादेवी पाटनी, श्रीमती शीला शाह, श्रीमती मधु जैन आदि समस्त महिला मंडल ने परिंडे लगाने का कार्य किया। मुख्य अतिथि पदमचन्द ने जीवदया के इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। इसे दुबई में भी संचालित करने की बात की एवं सभी को दुबई आने के लिए आमंत्रित किया। 35 परिंडे तत्काल लगाये और वितरित किये। और आगे जो लेना चाहें उन्हें भी उपलब्ध कराये जायेंगे। संभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष पण्डित कैलाशचंद मलैया ने जीवदय के तहत पशु- पक्षियों को पानी- दाना- चारा डालने के महत्व को बताया। संभाग मंत्री डॉ. अरविन्द कुमार जैन ने सबको आभार व्यक्त किया।

# तीर्थ यात्रियों का दल औद्योगिक नगरी कानपुर से रवाना होकर मथुरा चौरासी जम्बू स्वामी पहुंचा



**मथुरा चौरासी. शाबाश इंडिया।** प्रसिद्ध समाजसेवी उरसेवा निवासी महावीर प्रसाद,विनोद कुमार, केलास चंद पाटनी परिवार उरसेवा वालों की अगुवाई में धर्म परायण नगरी मदनगंज-किशनगढ़ से विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शनार्थ हेतु रवाना हुए 101 श्रद्धालुओं के दल ने आज यात्रा के सातवें दिन विभिन्न कल्याणकों की पावन धरा काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी , पावन तीर्थ प्रयागराज , कानपुर से होते हुए आज दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र 84 मथुरा जम्बू स्वामी की मोक्ष स्थली पहुंचा, जहां पर मूल नायक अजित भगवान के दर्शन कर पुण्यलाभ प्राप्त किया साथ ही क्षेत्र पर विराजमान आचार्य धर्म भूषण महाराज के शिष्य आचार्य विज्ञान भूषण महाराज के दर्शन कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया ।कार्यक्रम में साथ जाने वालों मे समाज सेवी महावीर प्रसाद पाटनी, विनोद पाटनी, कैलाश पाटनी, विमल पाटनी उरसेवा निवासी मदनगंज किशनगढ़ वाले, मंदिर समिति के मंत्री सुभाष बड़जात्या,चेतन पांड्या, भागचंद बोहरा, सुमेर गोधा, निर्मल पांड्या, सुरेश बगड़ा, सुभाष बैद, कमल रांवका,पिंटू पाटनी,जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा फागी, विमल पांपल्या, अनिल गंगवाल, मुकेश पाटनी, मांगीलाल झांझरी, पारस पांड्या, निर्मल पाटोदी, गौरव पाटनी, पदम बड़जात्या, नरेश झांझरी, पवन पाटनी,अभिषेक छाबड़ा, पन्नालाल बड़जात्या, नरेन्द्र गंगवाल, विनय झांझरी,विमल झांझरी , अशोक गोधा, सुरेंद्र गोधा,ओमप्रकाश गोधा,मदनगंज किशनगढ़,महेंद्र बडजात्या, केलास रोकड़िया जोबनेर,धर्मेन्द्र बाकलीवाल माधोराजपुरा, राकेश मित्तल, आनन्द सोगानी दूदू सहित सभी श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सेठी कॉलोनी जैन मंदिर में श्रुत स्कंध कक्ष का उद्घाटन





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आगरा रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर सेठी कॉलोनी में जयपुर प्रवास के दौरान आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य मे श्रुत स्कंध कक्ष का उद्घाटन हुआ। उपरोक्त कार्यक्रमों की जानकारी अध्यक्ष दीनदयाल जैन पाटनी एवं मंत्री धर्मीचन्द कासलीवाल ने बताया कि गत 25 मार्च को आचार्यश्री व संघ के मंदिर प्रवेश पर मंदिर कमेटी , सन्मति महिला मंडल व दिगम्बर जैन समाज सेठी कॉलोनी के गणमान्य सदस्यों ने अगवानी कर आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन व आरती की।इसके पश्चात आचार्यश्री ने मन्दिरमें श्रुतस्कंध कक्ष का उद्घाटन किया व मन्दिर जी की सभी वेदियों के दर्शन किए फिर आचार्यश्री ने श्रुतस्कंध को कक्ष में स्थापित किया। समयसार ग्रंथ को भी उसी में स्थापित किया। आचार्य श्री के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा में धर्म की महिमा बताई एवं मन्दिर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। श्रुतस्कंध कक्ष का निर्माण अकलंक-उषा पाटनी की ओर से कराया गया।

# भीलवाड़ा शहर महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा ।शहर महिला मंडल के तत्वावधान में होली के शुभ अवसर पर होली स्नेह मिलन के साथ में फाग उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। महामंत्री मधु लोढ़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहे कृष्ण राधा की जोड़ी जो संगीता सुराणा व जिम्मी बागचार बनकर के आए थे । भक्ति कलाकार के रूप में श्रीमती ललिता मेहता जिन्होंने अपने स्वर कोकिला ध्वनि के साथ में रंग मत डाले रे सांवरिया आज बिरज में होली है भोला भंडारी होलिया में उड़े रे गुलाल अनेक भजनों के माध्यम से सभी बहनों को एक भक्ति के रंग में भिगोकर भक्ति काआनंद उठाया मंडल की अध्यक्ष मंजू सिंघवी ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी बहनों ने जोर-शोर से भाग लेते हुए भक्ति में चार चांद लगा दिए।

# आपका नीर लेकर बदले में आपको पनीर देती है गाय : निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागरजी महाराज

**तेंदू खेड़ा (दमोह). शाबाश इंडिया**



गाय ऐसा प्राणी है जो आपका नीर अर्थात पानी पी कर आपको जो दूध देती है उससे आप पनीर को प्राप्त कर लेते हैं यानी नीर के बदले में आपको पनीर देती है गाय जिसे बहुत ही पौष्टिक माना गया है यदि आप गाय को कुछ भी नहीं देंगे तो भी वह आप को अपनी शक्ति अनुसार दुध देते हुए देखीं जाती है आप लोग खेतों में अनाज उत्पादन करने के लिए बीजो का वपन करते हैं जहां अनाज के साथ ही भूसा तो सहजता से प्राप्त होता चला जाता है आप के थोड़े से प्रयास से गायों को जीवन मिलता है तो ऐसा काम सभी को करते रहना चाहिए ।उक्त आशय के उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागरजी महाराज ने तेंदूखेड़ा में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। तेंदूखेड़ा में सर्व सुविधायुक्त पशु चिकित्सालय का हुआ उद्घाटन: दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय धुर्रा ने बताया कि परम पूज्य जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमणमुनि श्रीसमयसागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से देशभर में गोशालाओ का संचालन करने वाले श्री दयोदय महासंघ के मार्ग दर्शन में तेंदू खेड़ा गोशाला में पशु चिकित्सालय का उद्घाटन मध्य प्रदेश के पशु पालन मंत्री लखन पटेल के मुख्य आतिथ्य में महा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी कटनी की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन मध्यप्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री लखन पटेल दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी, राष्ट्रीय महामंत्री राकेश जैन लालाजी, तेंदूखेड़ा गोशाला अध्यक्ष संजय जैन पारसमणि के साथ अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।